## सार-समाचार

### सूने घर में सेंध लगाकर चोर माल ले गए

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर में सुने घरों में चोरी की वारदात रुकने का नाम नहीं ले रही है। कुड़ी हाउसिंग बोर्ड के एक सूने घर में सेंध लगाकर चोर लाखों का माल ले गए। घटना के समय परिवार के लोग रामदेवरा दर्शन के लिए गए थे। पीछे से मौका पाकर चोर मकान में घुसे और सोने चांदी के आभूषण और नगद रुपए चुरा कर ले गए। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। मकान मालिक की ओर से पड़ोसी पर चोरी का संदेह जताया गया है। थाने में दी रिपोर्ट में चेतन प्रकाश मेघवाल ने बताया कि वह प्राइवेट जॉब करते हैं। अपने परिजनों के साथ 4 फरवरी को घर से रामदेवरा जाने के लिए जोधपुर रेलवे स्टेशन से रवाना हुए थे। मकान का ताला लगाकर अपने पड़ोस में रहने वाली पिंकी बावरी को मकान की चाबी दी थी। 7 फरवरी को उनके पड़ोस में रहने वाली पिंकी का फोन आया कि उनके घर के मेन गेट का दरवाजा खुला हुआ है। बताया कि सुबह 11 बजे से ही घर का दरवाजा खुला पड़ा है। उन्होंने शाम को फोन कर सूचना दी। इस पर उन्होंने अपने बहनोई को मौके पर भेजा और वह खुद भी रामदेवरा से वापस आए। मौके पर पहुंचे तो मकान में तिजोरी का ताला टूटा हुआ था, सोने चांदी के जेवरात और नगद रुपए गायब थे। घर में रखा करीब 3.5 तोला वजनी रखड़ी सेट, 3.5 तोला वजनी गले में पहनने वाली सोने की टूसी, दो तोला वजनी लोकेट, 6 सोने की अंगूठी, कानों के लुंग सहित चांदी के 300 ग्राम वजनी आभूषण भी चोरी हुए पाए गए। इसके अलावा चोर 3 लाख 85 हजार रोकड़ भी चुरा कर ले गए।

### महासंघ जालोर का चुनाव कार्यक्रम तय

**जालोर**, (कासं)।अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के विधान के अनुसार विधान में उल्लेखित सम्बद्धता एवं चुनाव नियम 1992 मे प्रद्दत शक्तियों प्रयोग करते हुए जालोर जिले के जिलाध्यक्ष चुनाव के लिए प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा द्वारा पर्यवेक्षक के रूप मे हापुराम चौधरी प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान शारीरिक शिक्षक चौधरी को नियुक्त किया है। महासंघ के जिला संयोजक किशन लाल सारण ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम के तहत सम्बद्धता शुल्क एक हजार रुपए प्रति वर्ष जमा करवाते हुए 12 फरवरी तक घटक संघ अपने पदाधिकारियो के नाम भी जमा करवाना सुनिश्चित करेंगे । नामांकन फार्म एवं प्रतिभूति राशि 500 होगी। घटक सहयोगी संगठन शुल्क जमा करने के बाद जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री एवं तृतीय सदस्य के नाम भी अस्थाई मतदाता तैयार करने के लिए उपलब्ध करवाएंगे। यह स्थाई मतदाता सूची का प्रकाशन 13 फरवरी को किया जाएगा एवं प्रदेश कार्यालय से मतदाता सूची का अनुमोदन 18 फरवरी तक होगी। जिला में चुनाव 23 फरवरी को होंगे।

### जोगाराम पटेल आज जोधपुर आएंगे

**जोधपुर**, (कासं) । संसदीय कार्य विभाग विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल सोमवार को जोधपुर आएंगे। जोगाराम पटेल सोमवार 10 फरवरी को प्रातः 11:35 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे व दोपहर 12:05 बजे नगर पालिका कुड़ी भगतासनी के नवीन सभागार भवन के लोकार्पण कार्यक्रम एवं वर्ष 2024-25 की बजट बैठक में भाग लेंगे। वे दोपहर 2:30 बजे से 8:00 तक विधानसभा क्षेत्र भूमि में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे साथ ही 8:30 बजे सर्किट हाउस पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। पटेल मंगलवार, 11 फरवरी को 10:30 बजे सर्किट हाउस से रवाना होकर प्रातः 11:15 पहुंचे बजे ग्राम पंचायत बोरानाडा पंचायत समिति लूनी में जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित सड़क निर्माण कार्य के शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोरानाडा में विधानसभा क्षेत्र लूणी के परिक्षेत्र की सत्रांत संस्था प्रधान (माध्यमिक शिक्षा) वाकपीठ के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे 3:30 बजे से 6:30 बजे तक विधानसभा क्षेत्र लूणी में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेकर 7:00 बजे सर्किट हाउस जोधपुर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

### कायमखानी समाज की क्रिकेट प्रति.संपन्न

**जोधपुर**, (कासं) । कायमखानी समाज द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज संपन्न हुआ, जिसमें बंबा कायमखानी ने सोलंकी ऑटो कंसल्ट को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। शानदार प्रदर्शन के लिए लिबर्टी क्लब के साजिद खान को "मैन ऑफ द सीरीज" चुना गया, जबकि सोलंकी ऑटो कंसल्ट के समीर खान को "बेस्ट बॉलर" का खिताब दिया गया। टूर्नामेंट के संयोजक इमरान खान और याकूब खान ने जानकारी दी कि पहले सेमीफाइनल में सोलंकी ऑटो कंसल्ट ने बीजेएस कायमखानी को हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में बंबा कायमखानी ने लिबर्टी क्लब को शिकस्त दी। फाइनल मुकाबले में बंबा कायमखानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सोलंकी ऑटो कंसल्ट को मात दी और चैंपियन बना। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र सोलंकी, महापौर कुंती परिहार, शहर जिला कांठोस अध्यक्ष सलीम खान, पार्षद इरफान बेली, पार्षद नदीम इकबाल, और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### प्रतिष्ठा महोत्सव पर कलश यात्रा निकाली

**जोधपुर**, (कासं) । तिंवरी की हरिओम कॉलोनी में स्थित नवनिर्मित चन्द्रमंगलेश्वर महादेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर आज हवन व कलशयात्रा का आयोजन किया गया। महंत दुर्गादास महाराज और महंत सन्तदास महाराज के सानिध्य में विशेष हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाती हुई चल रही थी। पुरुष श्रद्धालुओं ने धार्मिक ध्वजा-पताकाएं लेकर सनातन धर्म के जयकारे लगाए। आयोजन समिति के सदस्य जियाराम गहलोत ने बताया कि सोमवार को भगवान शिव परिवार की मूर्तियों की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इससे पहले मूर्तियों का कल्पवास, अनाजवास और पुष्पवास के साथ पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। प्रातःकाल से अभिजीत वेला तक मूर्ति स्थापना की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मंदिर का निर्माण स्थानीय भक्तों के सहयोग से किया गया है। आयोजन समिति ने तिंवरी और आसपास के क्षेत्रों के लोगों से चन्द्रमंगलेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन करने की अपील की है।

### रक्तदान शिविर आयोजित

**जोधपुर**, (कासं) । एकलव्य युवा संस्थान के 14 वे स्थापना दिवस पर श्री श्री रविशंकर बल्ड डोनेशन सेंटर (रक्तशाला) गीता भवन में संस्था द्वारा लगातार 14 वाँ रक्तदान शिविर रविवार को आयोजित किया गया। जिसमें कुल 27 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। संस्था के अध्यक्ष विरेंद्र केलावा ने बताया कि शिविर भाजपा जोधपुर शहर के पूर्व जिलाध्यक्ष जगतनारायण जोशी, मारवाड़ जनजाति विकास बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष कीर्तिसिंह भील, बाबा रामदेव सेवा संस्थान के अध्यक्ष करणसिंह राठौड़, डॉ कृष्णा गहलोत, प्रेमसिंह कालुंधा, ढलाराम घटाड ने सभी रक्तदाताओं का दुप्पटा व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में अक्षय नांदडी, धर्माराम बाघेला, विक्रम जागटिया, उमेश चौहान, सुनील बुरट, अनिल जागटिया, दिनेश मलगट, कैलाश जागटिया, रमेश कड़वा, कुलदीप जागटिया हीरसिंह चारण, सूरज परिहार, योगेश गोयल ने रक्तदान किया।

### नित्यानंद त्रियोदशी महोत्सव आज

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिले में स्थित इस्कॉन पाली में बलरामजी के अवतार नित्यानंद त्रियोदशी पर आज के दिन विशेष कार्यक्रम किया जायेगा। इस अवसर पर इस्कॉन पाली के कार्तिक कृष्ण प्रभुजी ने बताया कि आज के दिन नित्यानंद प्रभु के प्राकृटय पर सभी भक्तो के द्वारा दोपहर 12 बजे तक उपवास रखा जायेगा तथा प्रात : 11 बजे से इस्कॉन पाली में विशेष कार्यक्रम शुरू होंगे। जिसमें हरे कृष्ण महामंत्र के कीर्तन से कार्यक्रम शुरू होगे फिर नित्यानंद प्रभु का पंचतत्वों से अभिषेक किया जायेगा। फिर भक्तो द्वारा बनाया गया छप्पन भोग का भोग लगाया जायेगा। कथा प्रवचन में भगवान नित्यानंद प्रभु के अवतार की महिमा का गुणगान किया जायेगा। उसके बाद विषेष महाआरती का आयोजन होगा। नाट्यय कार्यक्रम द्वारा भगवान के अवतारो व उनकी महिमा का वर्णन किया जायेगा।

### भक्ति संध्या आज होगी

**पाली**, (नि.सं.)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व जिला प्रवक्ता ने बताया कि कल सोमवार को एक शाम मातारानी भटीयाराणी के नाम विशाल भक्ति संध्या का आयोजन शहीद भगतसिंह आवासीय कॉलोनी पुनायता रोड़ पर रखी गई है। सुनिता कंवर के सानिध्य में आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में आर्केस्ट्रा पार्टी दुर्गेश मारवाड़ी व ज्योति शर्मा बाबूलाल सोलंकी एण्ड पार्टी के द्वारा ,भजनों की प्रस्तुती दी जायेगी। इस कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, नगर परिषद पाली पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, पूर्व उपसभापति ललित प्रितमनी आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय कार्यकर्ता जोर से तैयारी में लगे हुए हैं।

# जालोर महोत्सव : खेलकूद के आवेदन की अंतिम तिथि आज



सांस्कुतिक कार्यक्रम के ऑडिशन के लिए प्रतिभागियों की भीड़ उमड़ी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। पर्यटन विभाग राजस्थान, जिला प्रशासन जालोर एवं जालोर विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में 15 फरवरी से आयोजित जालोर महोत्सव 2025 में सांस्कृतिक गतिविधियों को लेकर ऑडिशन के दूसरे दिन रविवार को प्रतिभागियों की भीड़ उमड़ी।

आडिशन मे चयनित प्रतिभागियों की सूची 11 फरवरी को जारी की जायेगी। वहीं खेलकूद प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले खिलाडी 10 फरवरी तक आवेदन जमा करा सकते है।

सांस्कृतिक समन्वयक रितु टांक ने बताया कि जालोर महोत्सव में नटराज मंच पर आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिता मे भाग लेने के आडिशन के दूसरे दिन प्रतिभागियों की भी नजर आई। राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय राजेन्द्र नगर जालोर में सांस्कृतिक समन्वयक रितु टांक, पंकज भारती, सांस्कृतिक प्रभारी महेश भट्ट, आडिशन प्रभारी विनिता ओझा, हेमेन्द्रसिंह बगेडिया के निर्देशन मे रविवार को एकल नृत्य जूनियर ( 8 से 14 वर्ष तक) आडिशन में 170 प्रतिभागियो ने भाग लिया। एकल नृत्य सीनियर के आडिशन मे 180 ने अपने उत्कृष्ट नृत्य की प्रस्तुति देकर अपना स्थान सुनिश्चित करने का प्रयास किया। वहीं समूह नृत्य मे 70, मिस्टर जालोर मे 45 व मिस जालोर मे 55 प्रतिभागियों ने आडिशन दिया। आडिशन को लेकर प्रतिभागियों मे उत्साह नजर आया। ऑडिशन स्थल पर युवा, बच्चे व अभिभावकों की भीड नजर आई। वहीं आडिशन के बाद सभी प्रतिभागी अपने अपने चयन को लेकर आश्वस्त नजर आये। ऑडिशन स्थल का जायजा सांस्कृतिक मुख्य समन्वयक गंगा कलांवत , कोर कमेटी के नारायण लाल भट्ट, कानाराम परमार, नितिन सोलंकी, जालोर महोत्सव के समन्वयक रतन सुथार ने लिया।

आडिशन में चयनित प्रतिभागियों की सूची 11 फरवरी को राउमावि राजेन्द्रनगर जालोर एवं सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय जालोर के बाहर चस्पा की जायेगी। खेल प्रतियोगिता के आवेदन की अंतिम तिथि आज- जालोर महोत्सव में 15 फरवरी से तीन दिन तक स्टेडियम ग्राउण्ड में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता की धूम रहेगी। खेलकूद प्रतियोगिता के समन्वयक अर्जुनसिंह देलदरी ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता भाग लेने वाले इच्छुक खिलाडी अपने आवदेन 10 फरवरी तक राउमावि राजेन्द्र नगर जालोर व स्टेडियम कार्यालय में प्रात :10 बजे से शाम 4 बजे तक कर सकते है। खेलकूद प्रतियोगिता में वालीबॉल, कब्बड्डी, बास्केटबॉल, खो-खो , रस्सा कस्सी, सतोलिया, बैडमिंटन, रोलर स्केटिंग, युगल युवा दौड, सौ मीटर वॉक वरिष्ठ नागरिक, म्यूजिक चेयर व मटका दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जालोर महोत्सव की खेलकूद प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले खिलाड़ी 10 फरवरी तक आवेदन जमा करावें।

### फारूख शेख दीवाना को श्रद्धांजलि दी

जालोर के प्रसिद्ध व लोकप्रिय गायककार फारूख शेख दीवाना के असमियक निधन पर जालोर महोत्सव के आडिशन स्थल पर सांस्कृतिक टीम की उपस्थिति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उनके गायन के क्षेत्र में दिये योगदान को याद किया गया।

## विश्वकर्मा जयंती आज, शोभायात्रा निकलेगी

**जोधपुर**, (कासं) । भगवान श्री विश्वकर्मा की जयंती 10 फरवरी, सोमवार को श्रद्धापूर्वक व हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन के तहत शनिवार को बाईजी का तालाब स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में समाज की मातृशक्ति द्वारा मंदिर महिला मंडल की विनती भाकरेचा, सुनिता शर्मा, स्नेहलता जादम और प्रेमलता दम्मीवाल के नेतृत्व में मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव बुढल ने बताया कि 9 फरवरी, रविवार को सुबह 8.30 बजे शास्त्री नगर स्थित श्री विश्वकर्मा सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में श्री विश्वकर्मा ओपन रेपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को बाईजी का तालाब, कागड़ी व भवाद गंगाराम प्याऊ स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में रात्रि जागरण का आयोजन किया गया।

10 फरवरी को सुबह 8.15 बजे हवन व आरती, सुबह 9.15 बजे ध्वजारोहण का आयोजन होगा। मसुरिया स्थित श्री विश्वकर्मा छात्रावास में सुबह 11.15 बजे अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन, समाज उत्थान के बारे में विचार गोष्ठी, प्रतिभा सम्मान समारोह जिसमें समाज के होनहार विद्यार्थी जिसने 10वीं, 12वीं कक्षा एवं स्नातक व स्नातकोत्तर डिग्री में 80 प्रतिशत व इससे से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों व चयनित प्रशासनिक अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। दोपहर 1.15 बजे अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा व कलश यात्रा रवाना की जाएगी। शोभायात्रा में समाज की विभिन्न संस्थाओं की लगभग 25 से ज्यादा झांकियों के साथ पुरुष सफेद पोशाक व केसरिया साफा में, महिलाएं लाल चुनड़ी पौशाक में तथा युवा वाहन रैली के साथ शोभायात्रा की शान बढ़ाएंगे। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए शाम 5.15 बजे बाईजी का तालाब स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर पहुंचेगी। मंदिर कमेटी द्वारा शोभायात्रा का स्वागत कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### जालोर में चिकित्सा शिविर लगाया

**जालोर**, (कासं)। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविधालय जालोर के राजयोग केन्द्र में रविवार को चिकित्सा शिविर लगााा। जालोर के मुख्य संचालिका बी के रंजू दीदी ने बताया कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र राजयोग भवन जालोर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट ताइवान चीन से प्रशिक्षण प्राप्त डॉक्टर सौरभ शर्मा एवं उनके स्टाफ द्वारा मरीजों का जांच और इलाज किया गया। कैंप का विधिवत दीप प्रव्ज्जलन कर उद्घाटन किया गया और अतिथियों का माला, तिलक, दुपट्टा से स्वागत कियां लगभग 25 मरीज का इलाज फिजियोथैरेपी, एक्युपंचर एवं मैन्युअल थेरेपी द्वारा किया गया।

## जोधपुर मंडल के सोलह कार्मिकों का सम्मान होगा

**जोधपुर**, (कासं) । उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर में रेल सेवा पुरस्कार समारोह में जोधपुर मंडल के 16 कर्मचारियों व अधिकारियों को महाप्रबंधक स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जयपुर के रेलवे अधिकारी क्लब(उत्सव) में 27 फरवरी को 69 वें क्षेत्रीय रेल सप्ताह के तहत विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह-2024 में महाप्रबंधक अमिताभ उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जोन के 61 कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित करेंगे। जिसमें जोधपुर मंडल के 16 कार्मिक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय रेल सेवाओं के लिए मंडल के मेड़ता रोड ट्रैक मेंटेनर मन्नाराम,डेगाना तकनीशियन (वेल्डर) कानाराम,प्रकाशचंद्र गुर्जर,सुजानगढ़ वरिष्ठ अनुभाग अभियंता(रेल पथ) कुलदीप चौधरी,जोधपुर के मंडल अभियंता(सेंट्रल) विक्रम सिंह बड़गुजर,जोधपुर मुख्य टिकट निरीक्षक जगदीश प्रसाद पाल,बाड़मेर विद्युत तकनीशियन(बिजली) मूलसिंह व जोधपुर लोको पायलेट (सवारी) पवन कुमार गोयल को महाप्रबंधक स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार भगत की कोठी डीजल शेड वरिष्ठ अनुभाग अभियंता(डीजल)पंकज शर्मा,डेमू शेड मेड़ता के तकनीशियन(बहुकौशल) धारासिंह नेतवाल, बाड़मेर तकनीशियन (फीटर) भैराराम,जोधपुर कैरिज कारखाना के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता(सवारी व माल) श्रवण कुमार सारण व डेमू शेड मेड़ता के सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता दिव्यांशु जैन को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से महाप्रबंधक सम्मानित करेंगे। महाप्रबंधक स्तर पर विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार जोधपुर के मुख्य कल्याण व कार्मिक निरीक्षक सुनील टाक, समदड़ी स्टेशन अधीक्षक(यूनिफाइड कैडर) मनोज कुमार शर्मा व जोधपुर के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता(संकेत) जगदीश प्रसाद गौड़ भी शामिल है।

## भीनमाल पुलिस ने आरोपी सहित स्मैक पकड़ी



जालोर जिले के भीनमाल में स्मैक बरामदगी के मामले में पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी दी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिल के भीनमाल पुलिस ने रविवार का अवैध मादक पदार्थ डोडा, स्मैक सप्लायर के विरूद्ध कार्यवाही कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

वही पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त 124.63 ग्राम, 9.29 ग्राम स्मैक एवं 7.65 एमएम के 4 जिन्दा कारतुस व दो लाख तरेपन हजार रूपये नकद जब्त किए। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ में प्रयुक्त वाहन एक स्विपट कार व तीन बिना नम्बरी मोटरसाईकिल को भी जब्त किया।

जालोर जिले के भीनमाल पुलिस ने चारणीयों की ढाणी पुनासा में किशोर कुमार उर्फ महेन्द्र कुमार पुत्र भागीरथराम की रहवासी ढाणी पर दबिश दी। तलाशी ली गई तो अभियुक्त किशोर कुमार के कब्जे से कुल 124.63 ग्राम डोडा पोस्त, 9.29 ग्राम स्मैक व 7.65 एमएम के 4 जिन्दा कारतूस होना पाया गया। जिस पर अभियुक्त किशोर कुमार उर्फ महेन्द्र कुमार पुत्र भागीरथराम जाति विश्नोई (जाणी) उम्र 22 साल निवासी पुनासा पुलिस थाना भीनमाल जिला जालोर को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के घर की तलाशी ली गई तो दौराने तलाशी मुलजिम के घर पर खडे मिले वाहन स्वीफट कार व तीन मोटरसाईकिल को जब्त किया। मुलजिम किशोर कुमार उर्फ महेन्द्र कुमार के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट में प्रकरण पंजिबद्ध कर अन्वेषण व पुछताछ की जा रही हैं।

वहीं एचएस पुखराज पुत्र वागाराम जाति विश्नोई उम्र 34 साल निवासी चारणीयों की ढाणी पुनासा को गिरफ्तार किया गया।

## खेल से समाज का निर्माण होता है : नंदकिशोर राजोरा



जालोर में जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के समापन पर विजेता व उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार अतिथियों ने प्रदान किए। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला टेबल टेनिस संघ एवं क्रीडा भारती जालोर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि नंद किशोर राजोरा ने रविवार को खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से समाज का निर्माण होता है एवं खिलाडी के मन में कभी गलत भावना नहीं आती।

उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है अत: नियमित रूप से खेल को जीवन का हिस्सा बनावे उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए खेल की नियमितता की बात कही । साथ ही क्रीडा भारती एवं टेबल टेनिस संघ के अच्छे आयोजन की सहारना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश सोनी सह कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने कहा कि भारतीय संस्कृति में खेलों का महत्व रहा है । उन्होंने एकलव्य का उदारण देते हुए कहा कि 42 तीर का इस प्रकार निशान लगा कर खेलों का उदारण दिया । उन्होंने राजा भरत जो खेल खेल में शेरों के दाँत गिन देते थे । उन्होंने स्वामी विवेकानंद द्वारा कहा गया वाक्य भारत की माटी खेल की साधना है । उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से शारीरिक मजबूती के साथ अनुशासन, नेतृव क्षमता का विकास होता है । इसलिए इसे अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनावे मजबूत व्यक्ति राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण घटक होता है । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विजयराज जैन ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए इसमें हार जीत मायने नहीं रखती है, खेलना जरूरी होता है । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ओलंपिक संघ के महासचिव लालसिंह साँखला, टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष चिरंजीलाल दवे ने भी खिलाडियों को सम्बोधित कर निरंतरता पर विशेष ध्यान देने को कहा।

टेबल टेनिस संघ के सचिव नाथू सोलंकी एवं प्रतियोगिता संयोजक मुनिराज सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता 8 वर्गों में खेली गयी है । जिसमें 17 वर्ष में विजेता रामअवतार सोनी, उप विजेता ईश्वर, 19 वर्ष में फरसा राम प्रथम, लक्ष्य अग्रवाल द्वितीय, सीनियर वर्ग में रवि सोनी विजेता, अनिल सुंदेशा उप विजेता, वेटरन्स में मुनिराज सिंह प्रथम, सुरेश राव द्वितीय, डबल्स 17 वर्ष में गजराज एवं रामावतार प्रथम, प्रवीण सिंह एवं ईश्वर द्वितीय, 19 वर्ष में लक्ष्य अग्रवाल एवं स्वरूप प्रथम, फरसा राम एवम हिमांशु द्वितीय, सीनियर वर्ग में रवि एवं जयपाल सिंह प्रथम, चेतन एवम हरीश द्वितीय , वेटरन्स में डॉ आर के गुप्ता एवं सुरेश राव विजेता तथा जबर सिंह देवडा एवं रामदास उप विजेता तथा मिक्स डबल्स में मुनिराज सिंह एवं शिल्पा शर्मा प्रथम तथा डॉ आर के गुप्ता एवं निशा कुट्टी द्वितीय रहे।

वहीं महिला वर्ग 17 वर्ष में नीतू कुमारी विजेता तथा नेहा उप विजेता , सीनियर वर्ग में जय श्री विजेता तथा शिल्पा शर्मा उप विजेता रहे।

सोलंकी ने बताया कि गुरुकुल क्लासेज मलकेश्वर मठ में जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के समापन समारोह में अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण किया गया इस अवसर पर क्रीडा भारती के जलिा महामंत्री भागीरथ गर्ग, गुरुकुल क्लासेज के निदेशक राजकुमार चौहान, ललित सुंदेशा, प्रधानाचार्य जबर सिंह देवडा, ओमप्रकाश गर्ग मंगल सिंह बालोत ,शैलेश लोदी , कृष्णपाल सिंह उदावत, विकास जावा कनाराम परमार, नरेश कुमार मालवीय ,निशा कुट्टी, सुस्मिता चौबे , ममता माली, पुष्पा सेन रवि सोनी दीपक हितेश सोलंकी, भावेश सोलंकी, दलपत सिंह खंडेलवाल, कमलेश रामावत,दिलीप रामावत, रोनिका देव सहित खेल प्रेमी मोजूद थे। मंच संचालन मांगीलाल गुर्जर व निशा कुट्टी ने किया।

### स्मैक सहित दो जने गिरफ्तार

**जालोर**, (कासं)। जालोर कोतवाली पुलिस ने रविवार को अवैध मादक पदार्थ स्मैक सप्लायरो के विरूद्ध कार्यवाही कर दो आरोपियों को गिरपतार किया। मादक पदार्थ स्मैक तीन ग्राम एवं अभियुक्त पाताराम से अवैध मादक पदार्थ स्मैक तीस ग्राम जब्त कर मोटरसाईकिल को जब्त किया।

जालोर शहर में धवला रोड से अभियुक्त हिरालाल पुत्र तेजाराम जाति माली निवासी धवला रोड जालोर के कब्जे से 3 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद किया जाकर कर अभियुक्त हिरालाल के विरूद्व प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्करी के रूट की जानकारी हासिल कर थाना हल्का क्षेत्र के गांव रेवत, भागली सिंधलान की तरफ से जालोर में अवैध मादक पदार्थ स्मैक सप्लायरों की धरपक्कड हेतु नाकाबंदी एवं बाहरी व्यक्तियों के हल्का थाना क्षैत्र में प्रवेश करने पर विशेष निगरानी रखी जाकर दोपहर के समय मोटरसाईकिल पर आये पाताराम पुत्र लसाराम जाति देवासी उम्र 26 साल निवासी सुराणा पुलिस थाना सायला को दस्तयाब कर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही करते हुए अभियुक्त पाताराम के कब्जे से 30 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद कर अभियुक्त पाताराम को गिरफ्तार कर अवैध मादक पदार्थ स्मैक सप्लायर में प्रयुक्त मोटरसाईकिल को जब्त किया गया।

## महाकुंभ प्रयागराज से लौटने पर स्वागत किया

**पाली**, (नि.सं.)। रविवार को ग्राम पंचायत रूपावास में सात दिवसीय महाकुंभ मेला संगम प्रयागराज में भाग लेकर पवित्र अमृत गंगा स्नान कर विभिन्न देवों के दर्शनार्थ कर सकुशल 25 श्रद्धालुओं के माता-पिताश्री जोड़े वापस लौटे तो ग्रामवासियों ने उनका ढोल नगाडे, गाजे-बाजे व डीजे की धुन पर पुष्प फूलों की वर्षा कर पलक पावडे. बिछाकर जयकारे नारे लगाकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यात्रा को पूरे गाँव ने आध्यात्मिक चेतना और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक मानते हुए सराहा, जिससे श्रद्धालुओं को पापों से मुक्ति व मोक्ष की प्राप्ति होती है। सभी ने उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना कर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला सह-संयोजक पायल पटेल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कविता पटेल, नाजूदेवी आंजणा, श्रीदेवी पटेल, हरि भाई पटेल, सोनाराम, अमराराम, राजाराम कान्दली, जस्साराम, केसाराम, रूपाराम आईडी, कानाराम मालवी, सोनाराम भूरिया, दलाराम पटेल दयालपुरा आदि मौजूद रहे।

## रूपावास में भाजपाइयों ने आतिशबाजी की

**पाली**, (नि.सं.)। रविवार को ग्राम पंचायत रूपावास मुख्य चौराहे मैन बस स्टैण्ड पर भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केन्द्र प्रभारी हरिभाई पटेल की अगुवाई में एव कार्यकर्ताओं के सहयोग से दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यकर्ताओं ने एक आपस में एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर अतिशबाजी कर जश्न की खुशी मनाई। गांव के विभिन्न मुख्य मार्गो-मौहल्लों में जयकारों व नारों के साथ वाहन एवं पैदल रैली निकाली और इस जीत को मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं की जीत बताया। भाजपा जिला सह-संयोजक पायल पटेल, पूर्व छात्रसं/ा अध्यक्ष कविता पटेल, नाजूदेवी आँजणा, श्रीदेवी पटेल, महेन्द्र गोस्वामी, नेपाल पुरी, अर्जुन, विक्रम, राकेश, कैलाश बन्जारा, अशोक जाट, श्रवण खरेड, सोहन वैष्णव, युसुफ भाई सहित कई कार्यकर्तागण मौजूद रहे।